# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**
11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

13 दिसंबर, 2015

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर में आयोजित विकास संकल्प समारोह में दिए गए सम्बोधन के मुख्य अंश

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपनी सारी योजनाएँ गरीबों और किसानों को ही केंद्र में रखकर बनाई है: अमित शाह**

****************

**श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता में देश की सुरक्षा सबसे अहम है और हमने आतंकवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है: अमित शाह**

****************

**राजस्थान की वर्तमान भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत को चरितार्थ करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा: अमित शाह**

****************

**देश में श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार और राजस्थान में श्रीमती वसुंधरा जी की सरकार का काम वाकई प्रशंसनीय है: अमित शाह**

****************

**राजस्थान सरकार हर समय, हर मोर्चे पर समाज के दबे-कुचले, पिछड़ों तथा गरीबों के विकास और उनकी भलाई के लिए तैयार रहती है: अमित शाह**

****************

**जितना कार्य भाजपा सरकार के इस शासन काल में अब तक हुआ है, उतना कांग्रेस के 50 वर्षों के शासन काल में भी नहीं हुआ: अमित शाह**

****************

**इन दो सालों में राजस्थान में एक भी पैसे का भ्रष्टाचार और घपला नहीं हुआ: अमित शाह**

****************

**राजस्थान में सरकार और संगठन एक ही दिशा, जनता की भलाई और प्रदेश के विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है: अमित शाह**

****************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर में आयोजित विकास संकल्प समारोह को सम्बोधित किया और राजस्थान में विकास की बयार लाने के लिए राजस्थान की श्रीमती वसुंधरा राजे सरकार के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की, साथ ही उन्होंने राजस्थान में वर्तमान भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर राजस्थान की यशस्वी मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया को ह्रदय से शुभकामनाएँ दीं।

भाजपा अध्यक्ष श्री शाह ने कहा कि **राजस्थान की वर्तमान भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत को चरितार्थ करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा।** उन्होंने कहा कि इन दो वर्षों में राजस्थान में विकास के परिवर्तन की एक नई लहर चली है और समाज के हर तबके की भलाई के लिए काफी कार्य किये गए हैं।

राजस्थान कांग्रेस के मिथ्या आरोपों पर चुटकी लेते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस यह झूठा आरोप लगा रही है कि इन दो वर्षों में राजस्थान में कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में राजस्थान सरकार ने जितना काम किया है और आज जितनी विकास परियोजनाओं की शुरआत होने जा रही है, वह अगर पूरा हो जाता है तो मैं यह दावे के साथ कह सकता हूँ कि **जितना कार्य भाजपा सरकार के इस शासन काल में अब तक हुआ है, उतना कांग्रेस के 50 वर्षों के शासन काल में भी नहीं हुआ।** उन्होंने कहा कि हाँ, मैं राजस्थान कांग्रेस के इस एक बात से इत्तेफाक रखता हूँ कि **इन दो सालों में राजस्थान में एक भी पैसे का भ्रष्टाचार और घपला नहीं हुआ।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले विधान सभा और बाद में 2014 के ऐतिहासिक लोक सभा चुनाव में राजस्थान में भाजपा को जो अभूतपूर्व सफलता मिली, वह काबिले तारीफ़ है, इतना ही नहीं, अभी हाल ही में राजस्थान के स्थानीय निकायों के चुनाव में भी जनता ने अपना अपार जन-समर्थन देकर यह जता दिया कि राजस्थान सरकार ने जनता की भलाई के कितने महत्त्वपूर्ण कार्य किये हैं। श्री शाह ने कहा कि **राजस्थान में सरकार और संगठन एक ही दिशा, जनता की भलाई और प्रदेश के विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है** और इतना तय है कि यहां सालों तक कांग्रेस सत्ता में तो आने वाली नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में जब-जब भाजपा की सरकार आई है, तब-तब जनता की भलाई की दिशा में अनेकों नवीनतम योजनाओं की पहल की गई है। उन्होंने श्री भैरों सिंह शेखावत के समय प्रदेश में लागू की गई अंत्योदय योजना की भी तारीफ़ की। उन्होंने श्रीमती वसुंधरा सरकार की जननी सुरक्षा योजना और भामाशाह योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये योजनाएँ राज्य की जनता के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **राजस्थान की वर्तमान भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा देश की जनता के जीवन के उत्थान के लिए चलाये जा रहे विकास कार्यक्रमों को राज्य के जन-जन तक बखूबी से पहुँचाने का काम किया है**, चाहे वह मुद्रा बैंक योजना हो, स्वच्छ भारत अभियान हो, जीवन सुरक्षा बीमा योजना हो, जीवन ज्योति बीमा योजना हो या फिर जन-धन योजना।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की सरकार ने किसानों को उनके फसल क्षति पर मिलने वाले मुआवजे के मापदंड को 50% से घटाकर 33% कर दिया

तथा साथ ही मुआवजे की राशि में भी 50% की बढ़ोत्तरी की गई। श्री शाह ने कहा कि इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 2019 तक देश के हर किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने का फैसला किया है ताकि किसानों को कृषि में आसानी हो सके। श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपनी सारी योजनाएँ गरीबों और किसानों को ही केंद्र में रखकर बनाई है** चाहे वह काफी आसान दर पर बिना गारंटी के मुद्रा बैंक योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण उपलब्ध कराने की बात हो, लोगों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से बैंकों से जोड़ने की बात हो, 75 हजार करोड़ रुपये की लागत से देश के हर किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की बात हो या फिर पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत गाँवों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात हो। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू कर राजस्थान की भाजपा सरकार ने काफी सराहनीय काम किया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हमारी सरकार की प्राथमिकता में देश की सुरक्षा सबसे अहम है और हमने आतंकवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है**।

श्री शाह ने कहा कि **राजस्थान सरकार हर समय, हर मोर्चे पर समाज के दबे-कुचले, पिछड़ों तथा गरीबों के विकास और उनकी भलाई के लिए तैयार रहती है**। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वर्तमान वसुंधरा राजे सरकार का 'अपना जिला - अपनी सरकार' एक अनूठा प्रयोग है जो सरकार को आम लोगों तक पहुँचाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजस्थान सरकार ने दो वर्षों में ही 22 लाख से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कर के अभूतपूर्व मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि पंचायत दिवस मनाना ग्राम्य सरकारों को प्रोत्साहित करता है और इसे मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक साथ ही प्रदेश में सात नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की नींव रखकर राजस्थान की भाजपा सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक नया कदम उठाया है जो सर्वथा स्वागत योग्य है।

भारतीय जनता पार्टी के राजष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने कहा कि **देश में श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार और राजस्थान में श्रीमती वसुंधरा जी की सरकार का काम वाकई प्रशंसनीय है**। संगठन और प्रदेश सरकार की तारीफ़ करते हुए श्री शाह ने कहा कि संगठन और सरकार, दोनों ने मिलकर राजस्थान में जिस तरह से काम किया है, वह अद्वितीय है। उन्होंने कामना की कि इसी तरह संगठन और सरकार मिलकर देश के कोने-कोने में काम करे और लोगों का प्यार और आशीर्वाद इसी तरह सदैव भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहे। राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित इस संकल्प समारोह को राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया और राजस्थान के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने भी सम्बोधित किया।

**(इंजीनियर अरुण कुमार जैन)**
कार्यालय सचिव